
# योगदा सत्संग शाखा आश्रम—नोएडा

परमहंस योगानन्द मार्ग, बी-4, सैक्टर-62,
नोएडा—201307, उत्तर प्रदेश
फ़ोन : 9899811808, 9899811909, (0120) 2401670-72
ईमेल : noidaashram@yssi.org
वेबसाइट : www.noida.yssashram.org; www.yssofindia.org

## समारोहों एवं विशेष उत्सवों की सारणी

### (दिल्ली एवं गुड़गाँव केन्द्रों सहित)

**जुलाई — दिसम्बर**, 2018



प्रिय आत्मन्

इस वर्ष का पूर्वार्ध गतिविधियों से पूर्ण रहा। जनवरी में, हमें अपने आश्रम में एस.आर.एफ़. से आये हुए दो संन्यासियों तथा चार संन्यासिनियों के सत्संग का लाभ प्राप्त हुआ। जैसा कि आप जानते ही होंगे, कि मार्च में, नोएडा आश्रम के पवित्र वातावरण में दो संगम आयोजित किये गए। प्रथम संगम शताब्दी समापन संगम था जिसे शताब्दी वर्ष के समापन के प्रतीक रूप में आयोजित किया गया था, जबकि दूसरा संगम नियमित साधना संगम था। दोनों संगमों में भक्तों की पूर्ण संख्या में उपस्थिति देखना अत्यंत प्रेरक था।

हमें यह बताते हुए भी अत्यधिक हर्ष हो रहा है कि देश के अनेक भागों से प्राप्त हो रहे निवेदनों को ध्यान में रखते हुए, योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया ने प्रयोग के तौर पर इस वर्ष 27 से 30 सितम्बर तक एक विस्तारित रिट्रीट आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस रिट्रीट की मुख्य विशेषता यह होगी कि यह चार दिनों की होगी और इसमें पूरे भारत से भक्तों को आमंत्रित किया जायेगा। सभी कक्षायें अंग्रेज़ी में होंगी। बाहर से आने वाले भक्तों को आश्रम में आवास की प्राथमिकता दी जायेगी। हालाँकि, कमरों की उपलब्धता के आधार पर, स्थानीय भक्त भी आश्रम में रह सकेंगे। इस रिट्रीट की एक और मुख्य बात यह होगी कि वे स्थानीय भक्त जो इसमें भाग लेने के इच्छुक हैं, आवास सुविधा उपलब्ध न हो पाने पर भी, इसमें भाग ले सकेंगे क्योंकि उन्हें प्रतिदिन सुबह अपने घर से आने और शाम को वापिस जाने की अनुमति होगी।

**आश्रम का संक्षिप्त विवरण**

आश्रम प्रांगण में एक प्रशासनिक भवन, दो रिट्रीट भवन, एक विशाल ऑडिटोरियम, व्यायामों के लिये मैदान, तथा आश्रम के आध्यात्मिक स्पंदनों में वृद्धि करता आश्रम के बीच में वृक्षों, पुष्पों, तितलियों, और पक्षियों से युक्त एक मनमोहक उद्यान है ।

संन्यासियों द्वारा संचालित रिट्रीट कार्यक्रमों का आयोजन वर्ष भर नियमित रूप से, सप्ताहान्तों पर किया जाता है। इन रिट्रीटों में 2—3 दिनों का मौन, प्रातः एवं सायंकालीन सामूहिक शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान, हमारे दिव्य गुरुदेव द्वारा प्रदत्त एकाग्रता एवं ध्यान-प्रविधियों, उनकी शिक्षाओं तथा आदर्श-जीवन सिद्धांतों की पुनरवलोकन कक्षाओं का समावेश होता है।

भक्तों को व्यक्तिगत रिट्रीट लेने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। भक्तजन 3 से 7 दिनों के लिये यहाँ ठहर सकते हैं तथा मौन, अंतर्निरीक्षण, गुरुजी की शिक्षाओं का अध्ययन, तथा ईश्वर की उपस्थिति का अभ्यास करते हुए इस समय का उपयोग कर सकते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की यात्रा करने वाले अथवा यहाँ से होकर गुज़रने वाले भक्तों के लिये नोएडा आश्रम के आध्यात्मिक परिवेश में आवास सुविधा (अटैच्ड बाथरूम वाले डबल बेडरूम) उपलब्ध है। यात्री भक्तजन 3 दिनों तक यहाँ ठहर सकते हैं।

जो भक्तजन यहाँ संचालित या व्यक्तिगत रिट्रीट लेना अथवा यात्रा के उद्देश्य से नोएडा आश्रम में आवास चाहते हों, उनसे अनुरोध है कि वे अपने आगमन की तिथि से कम-से-कम 3

दिन पहले नोएडा आश्रम रिसेप्शन पर फ़ोन द्वारा या **www.noida.yssashram.org** पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सूचना दें।

अग्रिम सूचना दिये बिना आने वाले भक्तजनों को आवास व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी।

जो भक्तजन व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रिट्रीट में भाग लेते हैं उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे आश्रम के सामूहिक ध्यान में भाग लें। इस दौरान वे संन्यासियों से व्यक्तिगत परामर्श भी ले सकते हैं।

नोएडा आश्रम आगन्तुकों के लिये दिन भर खुला रहता है, तथा यहाँ आयोजित रविवारीय सत्संगों में सभी का स्वागत है। इन सत्संगो में एक लघु सामूहिक ध्यान सत्र के पश्चात् किसी योगदा संन्यासी का प्रवचन सम्मिलित रहता है। रविवारीय सत्संग के समय पर ही भक्तजनों के 5 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये *बाल-कुटीर* में अलग से एक बाल-सत्संग भी आयोजित किया जाता है।

इस पुस्तिका में समारोहों एवं विशेष उत्सवों, सामूहिक ध्यान, तथा संचालित रिट्रीट कार्यक्रमों के विवरण दिये गये हैं। साथ-ही इसमें दिल्ली एवं गुड़गाँव केन्द्रों, तथा नोएडा आश्रम के सामूहिक ध्यान, एवं पुस्तक कक्ष के समय भी दिये गये हैं।

हमारा आग्रह है कि नोएडा आश्रम, दिल्ली तथा गुड़गाँव केन्द्रों में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की नवीनतम जानकारी के लिये आप हमारा इ-न्यूज़लेटर प्राप्त करें।

संगम एवं रिट्रीट संसार को भूलकर, आन्तरिक प्रशान्ति में गहरा गोता लगाने और शरीर, मन तथा आत्मा का नवीनीकरण करने का एक अवसर प्रदान करते हैं। जैसा गुरुदेव ने कहा है "प्रत्येक व्यक्ति को रिट्रीट की आवश्यकता है, मौन का एक डायनामो (dynamo) जहाँ वह स्वयं को अनन्त परमेश्वर की ऊर्जा से पुनः भर लेने के एकमात्र उद्देश्य से जा सके।"

दिव्य मैत्री में,

योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया

**हम आपको निम्न उद्देश्यों से हमारी वेबसाइट www.noida.yssashram.org का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करते हैंः**

1. योगदा सत्संग शाखा आश्रम, नोएडा से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी के लिये।
2. संचालित रिट्रीट में नामांकन करवाने के लिये।
3. नोएडा संगमों में नामांकन करवाने के लिये।
4. आश्रम में रुकने का अनुरोध करने के लिये।
5. नोएडा आश्रम का इ-न्यूज़लेटर प्राप्त करने के लिये।

**समारोहों एवं विशेष उत्सवों के दिन एवं समय, जुलाई—दिसम्बर 2018**

| समारोह | दिनांक | विवरण | शाखा आश्रम, नोएडा | ध्यान केन्द्र, दिल्ली | ध्यान केन्द्र, गुड़गाँव |
|---|---|---|---|---|---|
| महावतार बाबाजी स्मृति दिवस | 25 जुलाई, बुधवार | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सायं 5:00 से 7:30* | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| गुरु पूर्णिमा | 8 जुलाई, रविवार | लम्बा ध्यान | — | — | सुबह 10:00 से सायं 4:00 |
| | 22 जुलाई, रविवार | लम्बा ध्यान | सुबह 10:00 से सायं 4:00 | सुबह 10:00 से सायं 4:00 | — |
| | 27 जुलाई, शुक्रवार | प्रभात फ़ेरी एवं ध्यान | प्रातः 6:15 से 8:00*** | प्रातः 5:00 से 8:00*** | प्रातः 5:45 से 7:30*** |
| | | नारायण सेवा | दोपहर 12:30 से 2:30 | — | — |
| | | गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम | सायं 5:30 से 8:00* | — | — |
| | | ध्यान एवं पुष्पांजलि | — | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| | 29 जुलाई, रविवार | सत्संग एवं पुष्पांजलि | — | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00* | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00** |
| | 4 अगस्त, शनिवार | नारायण सेवा | — | दोपहर 12:30 से | — |
| जन्माष्टमी | 2 सितम्बर, रविवार | जन्माष्टमी लम्बा ध्यान | सुबह 10:00 से सायं 6:00 | सुबह 10:00 से सायं 6:00 | सुबह 10:00 से सायं 6:00 |
| | 3 सितम्बर, सोमवार | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00* | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 |
| श्री श्री लाहिड़ी महाशय महासमाधि दिवस | 23 सितम्बर, रविवार | लम्बा ध्यान | — | सुबह 10:00 से सायं 4:00 | — |
| | 26 सितम्बर, बुधवार | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सायं 5:00 से 7:30 | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| श्री श्री लाहिड़ी महाशय आविर्भव दिवस | 30 सितम्बर, रविवार | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00* | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00** |
| क्रिसमस | 23 दिसम्बर, रविवार, | क्रिसमस लम्बा ध्यान | सुबह 10:00 से सायं 6:00 | सुबह 10:00 से सायं 6:00 | सुबह 10:00 से सायं 6:00 |
| | 25 दिसम्बर, मंगलवार | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00* | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 | सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नये वर्ष की पूर्व रात्रि पर ध्यान | 31 दिसम्बर, सोमवार | चैंटिंग, रीडिंग, एवं ध्यान | रात 11:00 से 12:15 | रात 10:30 से 12.05 | रात 10:30 से 12:15 |

* कार्यक्रम के पश्चात् गुरु लंगर की व्यवस्था रहेगी।

** कार्यक्रम के पश्चात् गुरु लंगर एवं नारायण सेवा की व्यवस्था रहेगी।

*** ध्यान के पश्चात् अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

**नोएडा आश्रम में लम्बे ध्यान, तथा रिट्रीट कार्यक्रमों की सारणी, जुलाई—दिसम्बर 2018**

| क्र. सं. | माह/तिथि | दिन/समय | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | 7 – 8 जुलाई | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (अंग्रेज़ी) |
| 2 | 22 जुलाई | रवि (सुबह 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 3 | 11 – 12 अगस्त | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 4 | 19 अगस्त | रवि (सुबह 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 5 | 25 – 26 अगस्त | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | नये छात्रों के लिये रिट्रीट (हिन्दी) |
| 6 | 2 सितम्बर | रवि (सुबह 10:00 से सायं 6:00) | जन्माष्टमी पर विशेष ध्यान |
| 7 | 15 – 16 सितम्बर | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | क्रियावान रिट्रीट (हिन्दी) |
| 8 | 27 – 30 सितम्बर | गुरु (सुबह 9:00) से रवि (सायं 4:00) | चार दिवसीय विशेष रिट्रीट (अंग्रेज़ी) |
| 9 | 6 – 7 अक्टूबर | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 10 | 13 – 14 अक्टूबर | शनि (सायं 5:00) से रवि (सायं 7:00) | 26 घण्टों का विशेष ध्यान |
| 11 | 20 – 21 अक्टूबर | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 12 | 18 नवम्बर | रवि (सुबह 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 13 | 8 – 9 दिसम्बर | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 14 | 23 दिसम्बर | रवि (सुबह 10:00 से सायं 6:00) | क्रिसमस पर विशेष ध्यान |

**मासिक लम्बे ध्यान के लिये आवश्यक सूचना:**

सामूहिक ध्यान की शुरूआत प्रातः 10 बजे होगी, तथा समापन सायं 4 बजे होगा। तत्पश्चात् चाय एवं जलपान की भी व्यवस्था रहेगी।

**रिट्रीट के लिये आवश्यक सूचना :**

1. कृपया फ़ोन द्वारा नोएडा आश्रम में सूचना देकर या नोएडा वेबसाइट www.noida.yssashram.org पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाकर या noidaashram@yssi.org पर ईमेल भेजकर अग्रिम बुकिंग करायें।
2. साधारणतया, भक्तजनों को ठहरने के लिये आश्रम के भीतर निजी कमरे आवंटित किये जायेंगे।
3. दो-दिवसीय रिट्रीट की शुरूआत शुक्रवार सायंकालीन सामूहिक ध्यान के साथ होगी, तथा उद्घाटन सत्संग रात्रि 8.15 बजे होगा। रिट्रीट का समापन रविवार सायं 4 बजे होगा।
4. केवल वे भक्त ही आवेदन करें जो रिट्रीट की पूरी अवधि के दौरान आश्रम में रह सकें।
5. "नये छात्रों" के लिये रिट्रीट (25 - 26 अगस्त) केवल उन भक्तों के लिये है **जिन्हें 52 से कम पाठ प्राप्त हुए हैं।**
6. रिट्रीट के लिये बुकिंग "पहले आओ-पहले पाओ" के आधार पर होगी। किसी रिट्रीट के लिये अधिक बुकिंग हो जाने पर, उन भक्तों को प्राथमिकता दी जायेगी जिन्होंने गत 4 माह से किसी भी रिट्रीट में भाग नहीं लिया है।

<table>
<tr><th colspan="4">पुस्तक कक्ष की समय-सारणी</th></tr>
<tr><th>दिन</th><th>नोएडा</th><th>दिल्ली</th><th>गुड़गाँव</th></tr>
<tr><td>प्रथम रविवार</td><td>प्रातः 11:30 से सायं 5:00</td><td>प्रातः 11:30 से सायं 4:30</td><td>सायं 4:00 से 5:00</td></tr>
<tr><td>अन्य रविवार</td><td>प्रातः 11:30 से सायं 5:00</td><td>प्रातः 11:30 से सायं 4:30</td><td>प्रातः 11:30 से सायं 4:30</td></tr>
<tr><td>सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार</td><td>प्रातः 9:00 से सायं 5:00</td><td>प्रातः 10:30 से सायं 4:30</td><td>प्रातः 10:00 से सायं 4:30</td></tr>
<tr><td>गुरुवार</td><td>प्रातः 9:00 से सायं 5:00</td><td>प्रातः10:30 से सायं 3:30</td><td>प्रातः 10:00 से सायं 3:30</td></tr>
<tr><td>शनिवार</td><td>प्रातः 9:00 से सायं 5:00</td><td>प्रातः 10:30 से दोपहर 1:30</td><td>प्रातः 10:00 से सायं 3:30</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="4">सामूहिक ध्यान की समय-सारणी</th></tr>
<tr><th>दिन</th><th>नोएडा</th><th>दिल्ली</th><th>गुड़गाँव</th></tr>
<tr><td rowspan="2">प्रथम रविवार*</td><td>प्रातः 10:00 से 11:30</td><td>प्रातः 10:00 से 11:30</td><td>प्रातः 10:00 से सायं 4:00</td></tr>
<tr><td>सायं 5:00 से 8:00</td><td>सायं 5:00 से 7:00**</td><td>—</td></tr>
<tr><td rowspan="2">अन्य रविवार</td><td>प्रातः 10:00 से 11:30</td><td>प्रातः 10:00 से 11:30</td><td>प्रातः 10:00 से 11:30</td></tr>
<tr><td>सायं 5:00 से 8:00</td><td>सायं 5:00 से 7:00**</td><td>सायं 5:00 से 7:00</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार</td><td>प्रातः 7:00 से 8:00</td><td>—</td><td>—</td></tr>
<tr><td>सायं 5:30 से 7:00</td><td>सायं 5:00 से 7:00</td><td>सायं 5:00 से 7:00</td></tr>
<tr><td rowspan="2">गुरुवार</td><td>प्रातः 7:00 से 8:00</td><td rowspan="2">सायं 4:00 से 7:00</td><td rowspan="2">सायं 4:00 से 7:00</td></tr>
<tr><td>सायं 5:00 से 8:00</td></tr>
<tr><td rowspan="2">शनिवार</td><td>प्रातः 7:00 से 8:00</td><td rowspan="2">दोपहर 2:00 से सायं 7:00</td><td rowspan="2">सायं 4:00 से 7:00</td></tr>
<tr><td>सायं 5:30 से 7:00</td></tr>
<tr><td>ध्यान मन्दिर सभी दिन खुला रहेगा</td><td>प्रातः 7:00 से सायं 7:00</td><td>प्रातः 8:00 से सायं 8:00</td><td>प्रातः 8:00 से सायं 8:00</td></tr>
</table>

* प्रत्येक रविवार को नोएडा, दिल्ली, तथा गुड़गाँव में सत्संग के साथ-साथ अलग से बच्चों के लिये भी सत्संग आयोजित किया जाता है। जिन भक्तों के बच्चे 5 वर्ष से 12 वर्ष की आयु के बीच हों उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने बच्चों को इस कार्यक्रम में लायें।

** दिल्ली केन्द्र में 12 अगस्त, 7 अक्टूबर, तथा 4 नवम्बर को सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक लम्बे ध्यान होंगे। इन तिथियों से पहले शनिवार को ध्यान शाम 5:00 से 7:00 बजे तक होंगे।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ध्यान केन्द्रों एवं मण्डलियों के पते

**योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र—दिल्ली,** 11-12, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली 110 001; फ़ोनः (011) 23346271, 23362948; ईमेलः ysdk.delhi@gmail.com; वेबसाइटः http://delhi.ysskendra.org

**योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र—गुड़गाँव,** मकान नम्बर 20 के सामने, डी पी एस (इन्फ़ैन्ट विंग) के पास सैक्टर-40, हुडा, गुड़गाँव 122 003, हरियाणा; फ़ोनः (0124) 4271644, 2580326, 9871078270; ईमेलः ysdk.gurgaon@gmail.com

**योगदा सत्संग ध्यान मण्डली—टैगोर गार्डन,** C/o श्री आलोक मिश्रा लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, AD – 13, टैगोर गार्डन,नई दिल्ली; फ़ोनः 9650102777

**योगदा सत्संग ध्यान मण्डली—फ़रीदाबाद,** सी-3, सैन्ट्रल ग्रीन, राष्ट्रीय राजमार्ग-3, एन आई टी, फ़रीदाबाद 121 001, हरियाणा; फ़ोनः 9868306129, 9717983650; ईमेलः ysdm.faridabad@gmail.com

**योगदा सत्संग ध्यान मण्डली—ग़ाज़ियाबाद,** C/o श्री ए. के. खन्ना, के एम-182, कवि नगर ग़ाज़ियाबाद 201 002, उत्तर प्रदेश; फ़ोनः 9810087263, 7503212766; ईमेलः ghaziabad.ysdm@gmail.com

**योगदा सत्संग ध्यान मण्डली—साहिबाबाद,** C/o डॉ.एन. सी. कौशिक, 11/214, सैक्टर-3, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद 201 005, उत्तर प्रदेश; फ़ोनः 9873180418,9868862575,0120-2631075; ईमेलः ysdm.sahibabad@gmail.com

## अन्य आश्रमों के पते

**योगदा सत्संग मठ—दक्षिणेश्वर (*पंजीकृत ऑफ़िस*),** 21, यू एन मुखर्जी रोड, दक्षिणेश्वर, कोलकाता 700 076; फ़ोनः (033) 2564 5931, 2564 6208; ईमेलः yssdak@yssi.org

**योगदा सत्संग शाखा मठ—राँची,** परमहंस योगानन्द पथ, राँची 834 001, झारखण्ड; फ़ोनः (0651) 2460 071, 2460 072, 2460 073, 2460 074, 9431917333, 9431917444, 9431917555 ईमेलः yssinformation@yssi.org

**योगदा सत्संग शाखा आश्रम—द्वाराहाट,** द्वाराहाट 263 563, जिलाः अलमोड़ा, उत्तराखण्ड; फ़ोनः (05966) 244271, 244671; ईमेलः yssdwarahat@gmail.com

योगदा सत्संग सोसाइटी *तथा* सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप *के बारे में अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट* ***www.yssofindia.org*** *तथा* सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप *की वेबसाइट* ***www.yogananda-srf.org*** *से प्राप्त की जा सकती है।*

## योगदा सत्संग शाखा आश्रम, नोएडा पहुँचने के माध्यम

***हवाई अड्डों से:*** अन्तर्राज्यीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के बीच की दूरी 6 से 7 किलोमीटर है। हमारा आश्रम लगभग 40 किलोमीटर दूर है।

हवाई अड्डा परिसर से ली गई *प्री-पेड टैक्सी* दोनो हवाई अड्डों से आश्रम तक पहुँचने का एक सीधा साधन है।

*अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे* से *एयरपोर्ट ऐक्सप्रैस मैट्रो* भी ले सकते हैं। मेट्रो से *द्वारका सैक्टर 21* तक आयें। यहाँ उतर कर मेट्रो से *नोएडा सिटी सेन्टर (सैक्टर 32)* तक आयें। आप यहाँ से ऑटोरिक्शा लेकर आश्रम पहुँच सकते हैं (दूरी लगभग 7 किलोमीटर है)।

***रेलवे स्टेशनों से:*** *पुरानी दिल्ली, तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों* से आप मेट्रो द्वारा *नोएडा सिटी सेन्टर* पहुँच सकते हैं। आपको *राजीव चौक मेट्रो स्टेशन* पर गाड़ी बदलनी होगी, और *नोएडा सिटी सेन्टर* पहुँचकर आप ऊपर बताये अनुसार ऑटोरिक्शा अथवा टैक्सी लेकर आश्रम पहुँच सकते हैं। रेलवे स्टेशनों से आप टैक्सी या ऑटोरिक्शा लेकर सीधे भी आश्रम पहुँच सकते हैं।

निज़ामुद्दीन तथा ग़ाज़ियाबाद रेलवे स्टेशनों से आपको ऑटोरिक्शा या टैक्सी से आश्रम आना होगा क्योंकि यहाँ अभी मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं है।


***दिल्ली के अन्तर्राज्यीय बस अड्डों से:*** *अन्तर्राज्यीय बस अड्डा, कशमीरी गेट* से मेट्रो द्वारा *नोएडा सिटी सेन्टर* तक आयें। आपको *राजीव चौक मेट्रो स्टेशन* पर गाड़ी बदलनी होगी, और *नोएडा सिटी सेन्टर* पहुँचकर आप ऑटोरिक्शा अथवा टैक्सी लेकर आश्रम पहुँच सकते हैं। बस अड्डे से टैक्सी या ऑटोरिक्शा लेकर आप सीधे भी आश्रम पहुँच सकते हैं।

*अन्तर्राज्यीय बस अड्डा, आनन्द विहार* से आपको ऑटोरिक्शा या टैक्सी से आश्रम आना होगा क्योंकि यहाँ अभी मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं है।

***निजी वाहन अथवा टैक्सी से:*** साथ के पृष्ठ पर दिये गये दिशा-निर्देशक मानचित्र का अनुसरण करें। दिल्ली से आने वाले भक्तजन *निज़ामुद्दीन पुल* द्वारा यमुना नदी पार करें; *राष्ट्रीय राजमार्ग* 24 पर सीधे जायें; *उत्तर प्रदेश बॉर्डर पार करें, दूसरे ट्रैफ़िक सिगनल* से दायें मुड़ें, और फिर *तीसरे मोड़* (परमहंस योगानन्द मार्ग) से *बायें* मुड़ें, इसके बाद *पहले दायें मोड़* पर ही आश्रम परिसर नज़र आ जायेगा।

# ROUTE MAP for YOGODA SATSANGA SAKHA ASHRAM, NOIDA

Paramahansa Yogananda Marg, B-4, Sector–62,
Noida 201307, Uttar Pradesh




**Route A** - from Delhi Ring Road
Cross Nizamuddin Bridge over Yamuna, cross Delhi-UP Border, turn right at 2nd traffic light, turn left at 3rd turning, first right corner building as at A*.

**Route B** - from Ghaziabad
left at Shipra Mall crossing, right at third turning, left as marked at B*.

**Route C** - from Noida Metro station, City Centre Sector - 32
North-East on Capt. Shashikant Marg, left as indicated, left at Fortis hospital, right as at C*.